सुअर युद्ध

बेट्टी बेकर, चित्र: रॉबर्ट

समुद्री खाड़ी में बीस मील दूर पर एक छोटा सा द्वीप था. 1859 के कुछ साल पहले तक कोई नहीं जानता था कि वो द्वीप किस देश का था.

फिर उस द्वीप पर कुछ
किसान रहने के लिए आए.

उन्हें वो द्वीप अमेरिका का लगा.

उस द्वीप पर एक छोटा किला था. किले के लोगों ने स्थानीय इंडियंस के साथ बरसों से व्यापार किया था. व्यापारियों को लगता था कि वो द्वीप अंग्रेजों का था.

हर दिन सूरज ढलने पर किले के लोग ब्रिटिश झंडा फहराते थे.

जेड नाम के एक किसान ने कहा, "क्या उन्हें नहीं पता कि यह द्वीप अब किसका है?"

"शायद उन्हें वो बात पता न हो," उसके दोस्त ने कहा. "लेकिन अंग्रेज लोग इस द्वीप पर लंबे समय से रह रहे हैं."

"हो सकता है," जेड ने कहा. "लेकिन अब तो हम भी यहाँ पर हैं."

किसानों ने एक बड़ा अमरीकी झंडा बनाया.

और हर दिन जब सूरज उगता,
तो ब्रिटिश झंडा ऊपर उठता और
अमेरिकी झंडा भी ऊपर उठता.

"देखो," ब्रिटिश कप्तान ने कहा,
"आखिर वो क्या सोचते हैं -
यह द्वीप किसका है?"

"मैंने इतना बड़ा झंडा कभी नहीं
देखा," एक व्यापारी ने कहा.

"वो झंडा बड़ा हो सकता है,"
कप्तान ने कहा, "लेकिन वो लोग
झंडा फहराने के बारे में कुछ भी
नहीं जानते हैं. हम जल्द ही उन्हें
एक-दो चीजें सिखाएंगे."

जब सूरज दुबारा ऊगा, तो अमेरिकी झंडा फिर से हवा में लहराया.

ब्रिटिश झंडा भी हवा में लहराया.

फिर किले में एक ड्रम बजने लगा

बार-रम्पिटी-डम,

बार-रम्पिटी-डम,

बार-रम्पिटी-डम.

"ड्रम की धुन बहुत अच्छी है," एक किसान ने कहा.

"अगर ब्रिटिश ऐसा कर सकते हैं, तो हम भी वैसा कर सकते हैं," जेड ने कहा.

"नहीं, हम वैसा नहीं कर सकते,“ उसके दोस्त ने कहा. "क्योंकि हमारे पास ड्रम नहीं है."

"पर तुम्हारे पास एक फिडिल तो है," जेड ने कहा.

जब झंडे फिर से उठे,

बार-रम्पिटी-डम,

तब ब्रिटिश ड्रम बजा.

और स्क्रीट, स्क्रिट, स्क्री

फिडिल की धुन भी बजी.

उस धुन से मुर्गियां बहुत परेशान

हुईं और वे अंडे नहीं दे सकीं.

"अंग्रेजों का सर्वनाश हो!" जेड ने कहा. "देखो, उन्होंने हमारी मुर्गियों का क्या हाल किया है!"

"क्या मैं फिडिल बजाना बंद कर दूं," उसके दोस्त ने कहा.

"नहीं," जेड ने कहा.

"अगर उनके पास एक ड्रम है, तो हमारे पास एक फिडिल होनी ही चाहिए."

ब्रिटिश कप्तान ने कहा, "फिडिल के शोर में लोग हमारे ड्रम को सुन नहीं पा रहे हैं. फिडिल से बेहतर क्या होगा?"

"मेरा बैगपाइप," एक व्यापारी ने कहा.

जब दुबारा फिर से सूरज ऊगा, तब फिर से झंडे हवा में लहराए.

फिडिल ने स्क्रीट, स्क्रिट, स्क्री की धुन बजाई, ड्रम ने बार-रम्पिटी-डम की आवाज़ की, और व्यापारी ने अपना बैगपाइप बजाया.

कप्तान के सूअरों को बैगपाइप बिल्कुल पसंद नहीं आया.

सूअर डर के मारे अपने बाड़े से कूदे और तेज़ी से भागे.. और भागे.

"देखो, हमारे बगीचों में सूअर घुस आए हैं!" किसान चिल्लाए.

"झंडे और फिडिल तो सिर्फ छोटी सी बात थी. लेकिन यह तो सचमुच का युद्ध है!" जेड ने कहा.

बंदूकों से गोलियां चलीं. एक सुअर वहीं ढेर हो गया. बाकी डर के मारे भाग गए.

ब्रिटिश कप्तान, किले में से अपने कुछ आदमियों के साथ वहां पहुँचा.

"आप लोगों ने मेरे सुअर को गोली मारी है," कप्तान ने कहा. "आपको इसका मुआवज़ा देना होगा."

"नहीं," जेड ने कहा. "ज़रा देखो आपके सूअरों ने हमारे बगीचों को कितनी बेदर्दी से उजाड़ा है."

"यह आपके झंडे और फिडिल का नतीजा है," ब्रिटिश कप्तान ने कहा. "आप लोगों को अमेरिका वापिस चले जाना चाहिए."

"यह द्वीप अमेरिका का है," जेड ने कहा.

"नहीं, ऐसा नहीं है," कप्तान ने कहा.

"यह ब्रिटिश भूमि है. और यदि आप मारे गए सूअर का मुआवज़ा नहीं देंगे, तो फिर ब्रिटिश सैनिक आएंगे और आपको पकड़कर ले जाएंगे."

जेड का मित्र चिल्लाया,
"ब्रिटिश सैनिकों की इतनी हिम्मत!"
फिर उसने कप्तान पर एक आलू
फेंका.

जल्द ही सभी ब्रिटिश लोगों पर
आलुओं की मार पड़ रही थी.

कप्तान ने कहा, "मैं और अधिक सैनिकों और बंदूकों के साथ वापस आऊंगा."

"हालात अच्छे नहीं हैं," जेड ने कहा.

फिर जेड ने मदद के लिए सन्देश भेजा. जल्द ही अमेरिकी नावें सैनिकों के साथ वहां पहुंचीं.

"अमरीकी ऐसा नहीं कर सकते," ब्रिटिश कप्तान ने कहा.

फिर उसने भी मदद के लिए सन्देश भेजा.

जल्द ही तीन ब्रिटिश युद्धपोत खाड़ी में पहुंचे. जहाजों पर सवार सैनिकों ने द्वीप पर खेतों और फसलों को देखा.

अमेरिकी सैनिकों ने भी ऊपर-नीचे मार्च किया और जहाजों को देखा.

एक लंबे समय तक,

द्वीप में शांति बनी रही.

झंडे फिर से हवा में लहराए,

लेकिन किसी भी ड्रम की आवाज़

सुनाई नहीं दी.

ओर किसी ने फिडिल भी नहीं बजाई.

जहाजों पर सवार लोगों ने खेतों और फसलों की ओर देखा.

सैनिकों ने तट पर मार्च किया.

किसान अपने खेतों में काम करते रहे.

सभी लोग कुछ होने का इंतजार कर रहे थे.

"सर्दी आ रही है," किसानों ने कहा. "और तब तक यह सैनिक हमारा सारा खाना ख़त्म कर देंगे."

"हां," जेड ने कहा. "फिर सर्दियों में हमारे पास खाने को कुछ नहीं बचेगा."

"हमें कुछ करना चाहिए."

"क्या करें?" किसानों ने पूछा.

"मैं उसके बारे में सोचूंगा," जेड ने कहा.

फिर जेड द्वीप का एक चक्कर लगाने गया.

"आप कैसे है, कप्तान," जेड ने ब्रिटिश कप्तान से कहा. "आप यहाँ क्या कर रहे हैं?"

कप्तान ने कहा, "मैं अपने सूअरों को छिपा रहा हूँ. जहाजों के सैनिक उन सभी सूअरों को खाना चाहते हैं."

जेड हँसा और उसने कहा, "मैं भी पुराने दिनों वाले ड्रम की धुन को याद कर रहा था."

"वैसे आपकी फिडिल की आवाज़ भी काफी अच्छी थी," कप्तान ने कहा.

"आपका अच्छा झंडा है," जेड ने कहा.

"आपका झंडा भी सुन्दर है," कप्तान ने कहा.

"थोड़ा बड़ा ज़रूर है, लेकिन अच्छा है."

"वो झंडा इस द्वीप के लिए बहुत बड़ा नहीं है," जेड ने कहा.

"यह द्वीप इतना बड़ा है कि इसमें आसानी से दो झंडे फहराए जा सकते हैं."

"शायद यही अच्छा होगा," कप्तान ने कहा. "पर उसके लिए आपको पहले मारे गए सूअर का मुआवज़ा देना होगा."

"हमारे पास बहुत ज़्यादा तो नहीं है," जेड ने कहा. "लेकिन हम पूरी सर्दियों में आपको आलू और अंडे देंगे. उसे आप सूअर का मुआवज़ा समझें."

"ठीक है," कप्तान ने कहा. "और मैं आपको बगीचे के नुकसान के बदले में अपने दो सूअर दूंगा."

फिर दोनों ने आपस में हाथ मिलाया.

"चलो अच्छा हुआ," जेड ने कहा, "कम-से-कम आने वाली सर्दियों में हम सब को खाने को तो मिलेगा."

उसके बाद कप्तान ने ब्रिटिश जहाजों को वापिस भेज दिया.

जेड और किसानों ने भी अमरीकी सैनिकों से अलविदा कहा.

अगले बारह सालों तक किसी को वास्तव में यह पता नहीं था कि वो द्वीप किस देश के आधीन था.

लेकिन हर दिन जब सूरज निकलता तो अंग्रेजों का झंडा लहराता.

और साथ में बड़ा अमेरिकी झंडा भी लहराता.

धीरे-धीरे ड्रम, फिडिल और बैगपाइप उस द्वीप का बैंड बन गए.

हर रविवार को वे मिलकर एक गीत बजाते थे.

ब्रिटिश उस गीत को "भगवान, महारानी की रक्षा करो" बुलाते थे.

अमरीकी किसान उसे दूसरे शब्दों में गाते थे और उसे "अमेरिका" बुलाते थे.

आज वो द्वीप अमेरिका के आधीन है और वो वाशिंगटन राज्य का एक हिस्सा है.

किला अभी भी बरक़रार है.

साथ में कुछ पुराने बगीचे भी बचे हैं.

लोग अभी भी लोग उस सूअर युद्ध के बारे में कहानियाँ सुनाते हैं. लेकिन शायद वो उसके इतिहास को इस तरह बयां नहीं करते हों.

समाप्त